हरियाणा में 80 साल से लागू डीसी रेट खत्म, निगम वेज रेट लागू

चर्चा में क्यों?

19 जनवरी, 2022 को हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, निगम, बोर्डों और सभी डीसी को पत्र लिखकर निर्देशित किया कि राज्य सरकार ने 80 साल से लागू डीसी रेट को खत्म कर निगम वेज रेट को लागू करने का फैसला लिया है।

प्रमुख बिंदु

- पत्र में कहा गया है कि सरकार ने डीसी रेट से संबंधित आदेशों को वापस ले लिया है। गौरतलब है कि पहले हरियाणा के अलग-अलग विभागों में ठेके पर रखे जाने वाले कर्मचारियों के लिये संबंधित ज़िला उपायुक्त डीसी रेट तय करते थे। समय के अनुसार, अलग-अलग ज़िलों के डीसी रेट में काफी अंतर आ गया था।
- ठेके के कर्मचारियों की अलग-अलग चार श्रेणियों के लिये अलग-अलग रेट तय किये गए हैं। ये रेट 1 जनवरी, 2022 से लागू माने जाएंगे। इन रेटों को हर साल संशोधित किये जाने का भी प्रावधान किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि विधानसभा में कई विधायक डीसी रेट को समान करने की मांग उठा चुके थे। इसको देखते हुए हरियाणा सरकार द्वारा ठेके की नौकरियों के लिये हरियाणा कौशल रोज़गार निगम का गठन किया गया है। अब इसके तहत ही कर्मचारी रखे जाएंगे और उनको निगम वेज बोर्ड के नाम के जाना जाएगा।
- कर्मचारियों के लिये दसवीं कक्षा से लेकर स्नातक तक की शैक्षणिक योग्यता तय की गई है। इनमें लेवल 1 के लिये दसवीं, लेवल 2 के लिये नॉन टेक्निकल, लेवल 3 के लिये आईटीआई और टेक्निकल योग्यता तथा लेवल 4 के लिये स्नातक डिग्री तय की गई है। साथ ही अनुभवी कर्मचारियों को 10 से 20 प्रतिशत तक अतिरिक्त राशि दी जाएगी।
- ज़िलों को तीन श्रेणियों में बाँटा गया है-
    - श्रेणी 1. गुरुग्राम, फरीदाबाद, पंचकूला, सोनीपत, दिल्ली और चंडीगढ़।
    - श्रेणी 2. पानीपत, झज्जर, पलवल, करनाल, अंबाला, हिसार, रोहतक, रेवाड़ी, कुरुक्षेत्र, कैथल, यमुनानगर, भिवानी, जींद।
    - श्रेणी 3. महेंद्रगढ़, फतेहाबाद, सिरसा, नूंह, चरखीदादरी।
- तीनों श्रेणियों के ज़िलों के ठेके के कर्मचारियों के अलग-अलग चार लेवल के लिये अलग-अलग रेट तय किये गए हैं-
    - श्रेणी 1. 17520 रुपए (लेवल-1), 20590 रुपए (लेवल-2), 21200 रुपए (लेवल-3), 22420 रुपए (लेवल-4),
    - श्रेणी 2. 15450 रुपए (लेवल-1), 18510 रुपए (लेवल-2), 19120 रुपए (लेवल-3), 20350 रुपए (लेवल -4),
    - श्रेणी 3. 14330 रुपए (लेवल-1), 17390 रुपए (लेवल-2), 18000 रुपए (लेवल-3), 19230 रुपए (लेवल-4)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dc-rate-implemented-in-haryana-for-80-years-ends,-corporation-wage-rate-applicable